वर्ष 28 अंक 207
पृष्ठ 22+4+4=30
बरेली, रविवार
9 अप्रैल 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

दैनिक जागरण
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

उप्र अंडर 14 क्रिकेट कैंप में दो बार दिखा चुके गेंदबाजी का कमाल

शहर का नाम रोशन कर रहे शुभ

जागरण संवाददाता, बरेली : क्रिकेट जगत में बरेली अभी बेशक नाम नहीं कमा पाया मगर युवा क्रिकेटर्स अपने शहर का नाम रोशन करने के संघर्ष में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में बारह साल के बाएं हाथ के गेंदबाज शुभ उत्तर प्रदेश अंडर 14 क्रिकेट कैंप में दो बार खेल चुके हैं। उन्होंने दो मैच में पांच विकेट झटके थे। शुभ की गेंदबाजी पर चयनकर्ता भी फिदा हो गए थे। अब वो अंडर 14 के साथ यूपी अंडर 16 टीम का हिस्सा बनने के लिए जी-जान से अभ्यास में जुटे हैं।

प्रतिभा

- यूपी की अंडर 14 और 16 टीम का हिस्सा बनने के लिए संघर्षरत
- बाएं हाथ से गेंदबाजी करता है एसआरएमएस का यह खिलाड़ी

यंग अचीवर

शहर के कर्मचारी नगर निवासी सौरभ मिश्रा के बेटे शुभ मिश्रा एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी में अभ्यास करते हैं। यूपी अंडर 14 टीम के कप्तान अनंत भटनागर के साथ ही शुभ ने क्रिकेट की पारी शुरू की थी। खास बात यह है कि दोनों बाएं हाथ के गेंदबाज हैं। पिच पर दोनों की जोड़ी विरोधी खेमों में खौफ पैदा किए रहती हैं। यूपी अंडर 14 क्रिकेट कैंप में दोनों ने खूब नाम कमाया। हालांकि, शुभ अबकी यूपी टीम का हिस्सा नहीं बन पाए। पर अगले वर्ष यूपी की अंडर 16 टीम में उनकी प्रबल दावेदारी मानी जा रही है। एसआरएमएस के इन दोनों खिलाड़ियों के टैलेंट से यूपी टीम के चयनकर्ता वाकिफ हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले साल दोनों खिलाड़ी यूपी अंडर 16 में खेलेंगे।

शुभ-अनंत की बेमिसाल जोड़ी : एसआरएमएस अकादमी के कोच मनीष शर्मा कहते हैं कि दोनों ही उदीयमान खिलाड़ी हैं और उन्हें किसी से कमतर नहीं आंका जा सकता है। यूपी टीम के चयनकर्ता भी इस बात को जानते हैं। खास बात यह है कि दोनों अपने लक्ष्य को लेकर बड़े गंभीर हैं। अब प्रयास है कि इन्हें इनकी मंजिल तक पहुंचा सकूं। शुभ, अनंत को अब अंडर 16 टीम के लिए भी तैयार किया जा रहा है।